मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY संपादक : छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 11 | अंक -14 | मुंबई, सोमवार, दिनांक 25 दिसंबर से 31 दिसंबर 2023 | पृष्ठ : 04 | कीमत : 3 /- रुपये

### समाज के सभी वर्गों की राय लेने के बाद

# महाराष्ट्र में होगा जातिगत जनगणना पर फैसला

**मुंबई,** महाराष्ट्र में जातिगठना का मुद्दा गरमाने लगा है। जाति आधारित जनगणना पर लगातार हो रहे सवालों के बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि समाज के सभी वर्गों की राय लेकर और लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखकर जाति आधारित जनगणना पर उचित निर्णय लिया जाएगा।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) जाति आधारित जनगणना के पक्ष में नहीं है जबकि कांग्रेस सहित दूसरे विपक्षी दल जातिगठना की लगातार मांग कर रहे हैं। जातिगणना के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां सभी समुदाय और जातियां एक साथ रहती हैं, एक साथ काम करते हैं एवं एक साथ जश्न मनाते हैं। इसलिए, समाज के सभी वर्गों की राय लेने के बाद लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लिया जाएगा।

शिंदे ने कहा कि उनकी सरकार आम लोगों का प्रतिनिधित्व करती है। मैं आम आदमी की तरह काम करता हूं, इसलिए लोग हमें और हमारी सरकार को पसंद करते हैं।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) विदर्भ सह-संघचालक श्रीधर गाडगे ने कल कहा था कि कि कोई जाति आधारित जनगणना नहीं होनी चाहिए । इस तरह की कवायद से कुछ लोगों को राजनीतिक रूप से फायदा हो सकता है, क्योंकि इससे यह डेटा मिलेगा कि किसी निश्चित जाति की आबादी कितनी है, लेकिन यह सामाजिक रूप से और राष्ट्रीय एकता के संदर्भ में अच्छा नहीं है।

नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के संस्थापक के बी हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक एम एस गोलवलकर के स्मारक पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि हम हर साल शीतकालीन सत्र के दौरान डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर जाते हैं। यहां आने के बाद मुझे शांति महसूस होती है तथा ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। इसीलिए हम यहां आते हैं। हमारे यहां आने के पीछे कोई राजनीति नहीं है।

# थर्टी फर्स्ट से पहले नकली शराबों की खेप बरामद

**मुंबई :** शराब तस्कर साल के अंत में होने वाली पार्टियों में सप्लाई करने के लिए बड़े पैमाने पर शराब का ऑर्डर दे रहे हैं। शराब तस्करों पर लगाम लगाने के लिए महाराष्ट्र राज्य उत्पाद शुल्क विभाग ने अलग-अलग ब्रांड के साथ 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई शराब की कीमत करीब 1 करोड़ रुपये है। महाराष्ट्र राज्य उत्पाद शुल्क विभाग के फ्लाइंग स्क्वाड की यूनिट 2 के इंस्पेक्टर प्रकाश गौड़ा को सूचना मिली थी कि दाना बंदर के सोलापुर स्ट्रीट पर गोदाम नंबर 46 में अवैध रूप से लाई गई विदेशी शराब रखी गई है। सूचना मिलते ही फ्लाइंग स्क्वायड ने वहां छापा मारा और दिल्ली से महाराष्ट्र आयातित विभिन्न ब्रांडों की विदेशी स्कॉच की कुल 261 सीलबंद बोतलें और 22.44 लाख रुपये मूल्य का एक



चार पहिया वाहन जब्त किया।

इस मामले में राज्य उत्पाद विभाग ने आरोपी नरेश रामेश्वर रवानी (54) और जिशान जुल्फेकार कुरेशी (31) को गिरफ्तार कर लिया है। इन दोनों आरोपियों से की गई आगे की पूछताछ में पता चला कि वाडी बंदर में एमबीपीटी के वाहन लॉट में एक कंटेनर खड़ा है जिसमें विदेशी शराब रखी हुई है। जब उत्पाद शुल्क विभाग ने वहां छापा मारा, तो उन्हें 79.16 लाख रुपये की विदेशी स्कॉच की कुल 319 सीलबंद बोतलें और एक मालवाहक ट्रक मिला।

# महाराष्ट्र का नया डीजीपी कौन होगा ?

## एक बार फिर से महाराष्ट्र की ब्यूरोक्रेसी में यह सवाल... !

**मुंबईः** महाराष्ट्र में जैसे-जैसे 31 दिसंबर की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे राज्य के नए डीजीपी को लेकर दिलचस्पी बढ़ती जा रही है। इसकी कारण है महाराष्ट्र कैडर की आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला की डीजीपी पद पर नियुक्ति रुकी पड़ी हुई है। महाराष्ट्र की ब्यूरोक्रेसी में चर्चा है कि 31 दिसंबर तक शुक्ला की नियुक्ति डीजीपी के पद नहीं होती है तो उनके डीजीपी बनने की राह मुश्किल हो सकती है। महाराष्ट्र सरकार ने डीजीपी रजनीश सेठ को महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग (एमपीएससी) के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है, ढाई महीने बाद भी यह पद खाली है क्योंकि राज्य सरकार ने उन्हें पदमुक्त नहीं किया है। सेठ निर्धारित आयु सीमा के अनुसार 31 दिसंबर को महानिदेशक पद से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। तो वहीं रश्मि शुक्ला केंद्र की प्रतिनियुक्ति पर हैं। उनकी वर्तमान रैंक डीजी की है।



अक्टूबर में 1988 बैच की आईपीएस अधिकारी रश्मी शुक्ला का नाम महाराष्ट्र की नई डीजीपी के तौर सामने आया था। इसके लिए सरकार ने सितंबर में ही रश्मि शुक्ला का नाम केंद्रीय लोक सेवा आयोग भेज दिया था। गृह विभाग की ओर से 30 साल की सेवा पूरी कर चुके पुलिस महानिदेशक और अतिरिक्त महानिदेशक स्तर के अधिकारियों की सूची और प्रत्येक की सेवा अवधि का पूरा विवरण आयोग को भेजा गया था। वरिष्ठता क्रम में शुक्ला पहले स्थान पर हैं और 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। महाविकास अघाड़ी सरकार के दौरान कुछ राजनीतिक नेताओं के टेलीफोन टैप करने के आरोप में उनके खिलाफ दो मामले दर्ज किए गए थे। माना जा रहा था कि 12 सितंबर 23 को बॉम्बे हाई कोर्ट द्वारा आरोपों को खारिज करने के बाद शुक्ला की नियुक्ति को मंजूरी मिल गई थी। इस बीच, रजनीश सेठ ने गृह विभाग को पत्र भेजकर उन्हें पद से मुक्त करने का अनुरोध किया है, लेकिन राज्य सरकार ने महानिदेशक पद का प्रभार किसी अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को सौंपने का आदेश जारी नहीं किया है। मीडिया रिपोर्ट में सामने आया है कि आयोग ने रश्मि शुक्ला से जुड़े मामलों और अदालती आदेशों की जानकारी मांगी थी। राज्य सरकार आयोग से नामों की अनुशंसा प्राप्त करने के बाद महानिदेशक की नियुक्ति करती है। शुक्ला 30 जून, 2024 को सेवानिवृत्त होंगी। ऐसे में अगर उनकी नियुक्ति और टलती है तो महानिदेशक पद के लिए चयन नियमों के अनुसार केवल उन्हीं अधिकारियों पर विचार किया जा सकता है जिनका कार्यकाल कम से कम छह महीने का हो। इसलिए 31 दिसंबर 2023 तक महानिदेशक पद के संबंध में निर्णय होने पर ही शुक्ला के नाम पर विचार किया जा सकता है। अगर उनकी नियुक्ति और लंबी खिंचती है तो कानूनी बाधा आ सकती है।

# हनुमान चालीसा पाठ मामले में राणा दंपति की याचिका खारिज...

## गली सुनवाई में कोर्ट में पेश होने का निर्देश

**मुंबईः** हनुमान चालीसा मामले में सेशन कोर्ट ने राणा दंपति की याचिका को खारिज किया है. अप्रैल 2022 में पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के मातोश्री निवास्थान के बाहर हनुमान चालीसा पाठ करने के मामले में खुदको दोषमुक्त करने की यह याचिका दायर की थी. आज कोर्ट ने इस याचिका पर अपना फैसला सुनाया और याचिका को खारिज किया. निर्दलीय सांसद नवनीत राणा (नवनीत राणा) और उनके पति विधायक रवि राणा को बॉम्बे सेशन कोर्ट ने बड़ा झटका दिया है. पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव



ठाकरे के निजी घर के बाहर हनुमान चालीसा का जाप करने के मामले में कोर्ट ने फैसला सुना दिया है. कोर्ट ने रवि राणा और नवनीत राणा की केस रद्द करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है. यह राणा दंपत्ति के लिए बड़ा झटका है. मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा जाप आंदोलन के मामले में नवनीत राणा और रवि राणा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था. इस केस को रद्द करने के लिए राणा दंपत्ति ने याचिका दायर की थी. उस याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया था. खार थाने में दर्ज मामले में सांसद नवनीत राणा, विधायक रवि राणा आरोपी हैं.

राणा ने दावा किया कि एफआईआर दर्ज होने से पहले ही गिरफ्तारी अवैध थी. कोर्ट ने इस दावे को खारिज कर दिया. अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राहुल रोकड़े ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया. नवनीत राणा और विधायक रवि राणा को अगली सुनवाई में कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया गया है.

# कालवा हॉस्पिटल में एक क्लिक से जान सकेंगे मरीजों की पिछली हिस्ट्री...

**ठाणेः** कलवा स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में 500 बिस्तरों की क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ प्रशासन ने वहां दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर देना शुरू कर दिया है. इसके तहत निजी अस्पतालों की तर्ज पर अब कालवा अस्पताल भी इलाज के लिए आने वाले मरीजों की बीमारियों की जानकारी कंप्यूटर में दर्ज करेगा और मरीजों को रजिस्ट्रेशन नंबर देगा. इस नंबर के आधार पर डॉक्टरों के लिए एक क्लिक पर संबंधित मरीजों की जानकारी प्राप्त करना और उनका




इलाज करना आसान हो जाएगा।

ठाणे नगर निगम के पास कलवा में छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल है। इस अस्पताल में करीब पांच सौ बेड हैं. यहां प्रतिदिन दो हजार से अधिक मरीज इलाज के लिए आते हैं। इसमें ठाणे शहर, ठाणे ग्रामीण और पालघर जिले के मरीज शामिल हैं। पिछले कुछ वर्षों से नगर पालिका को इस अस्पताल में दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर शिकायतें मिल रही थीं। रोना है कि मरीजों की संख्या के मुकाबले यह अस्पताल नाकाफी है. कुछ महीने पहले अस्पताल में एक ही दिन में 18 मरीजों की मौत हो गई थी. इसके बाद अस्पताल प्रबंधन की आलोचना होने लगी. इसके बाद ठाणे नगर आयुक्त अभिजीत बांगर ने अस्पताल में पांच सौ बिस्तरों की क्षमता बढ़ाने और वहां दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने पर ध्यान देना शुरू कर दिया है. यहां केस पेपर और दवा खिड़कियों की संख्या बढ़ाकर कतारें कम कर दी गई हैं। साथ ही साफ-सफाई पर भी जोर दिया जा रहा है. इसके बाद मनपा प्रशासन ने निजी अस्पतालों की तर्ज पर कालवा अस्पताल में आमूल-चूल परिवर्तन करने का कदम उठाया है.



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# दूरसंचार विधेयक

एक सदी से भी अधिक पुराने हो चुके टेलीग्राफ कानून की जगह लोकसभा में दूरसंचार विधेयक 2023 का प्रस्तुत किया जाना इस क्षेत्र के लिए एक स्वागत योग्य घटना है। यह क्षेत्र वित्तीय संकट और दो कंपनियों का दबदबा होने की आशंका से जूझ रहा है और ऐसे में माना जा रहा है कि प्रस्तावित नया विधेयक इसे राहत प्रदान करेगा। केंद्र सरकार ने इस विधेयक के जरिये सुधारों की एक श्रृंखला शुरू की है। विधेयक में सबसे बड़ा परिवर्तन सभी दूरसंचार प्लेटफॉर्म के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी के सार्वभौमिक नियम के बजाय आवश्यक होने पर सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाओं के मामले में प्रशासित मूल्य निर्धारण पर स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए स्थान बनाना है। सर्वोच्च न्यायालय ने 2012 में निर्णय दिया था कि प्राकृतिक सार्वजनिक संसाधनों मसलन स्पेक्ट्रम के वितरण के लिए प्रतिस्पर्धी नीलामी की प्रक्रिया अपनानी चाहिए। तब से स्पेक्ट्रम का आवंटन केवल बोली प्रक्रिया के जरिये हुआ है। बिल पेश करने के साथ ही सरकार ने शीर्ष अदालत से यह स्पष्टीकरण भी चाहा है कि क्या वह उन मामलों में हवाई तरंगों को प्रशासित कीमत पर आवंटित कर सकती है, जहां प्रतिस्पर्धी बोली लगाना व्यावहारिक न हो। माना जा रहा है कि अदालत का जवाब इस मसले को हल कर देगा। प्रस्तुत विधेयक का उद्देश्य इंडियन टेलीग्राफ अधिनियम 1885, द इंडियन वायरलेस टेलीग्राफी ऐक्ट 1933 और टेलीग्राफ वायर्स (गैरकानूनी कब्जा) अधिनियम 1950 को प्रतिस्थापित करने वाला है और इससे दूरसंचार क्षेत्र को मदद मिलनी चाहिए, क्योंकि इसमें भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण यानी ट्राई की शक्तियों को अक्षुण्ण रखा गया है। ट्राई के चेयरमैन के मामले में विधेयक समुचित अनुभव वाले निजी क्षेत्र के व्यक्ति के पक्ष में है।

इससे इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा की दृष्टि से खुलापन आएगा। स्पेक्ट्रम के मामले में सुधार सामने आएंगे और एक बार कानून पारित हो जाने के बाद दूरसंचार कंपनियों का काम आसान हो जाएगा। यह सुखद है कि विधेयक सभी अंशधारकों के मसलों पर ध्यान देता है- उपभोक्ताओं को परेशान करने वाली कॉल करने वालों के खिलाफ सख्त नियमन से लाभ होगा, अगर प्रस्तावित ऑनलाइन विवाद निस्तारण प्रणाली प्रभावी ढंग से काम करती है तो उद्योग जगत, राज्य सरकारों और केंद्र सरकार को भी कुछ राहत मिलेगी। इसके अलावा दूरसंचार और टावर कंपनियों को अधोसंरचना में समर्थन मिल सकता है क्योंकि विधेयक किसी दूरसंचार नेटवर्क को क्षति पहुंचाने या किसी सेवा को बाधित करने वालों के खिलाफ कड़े कदम की बात कहता है। व्हाट्सऐप, स्काईप और अन्य ओवर द टॉप (ओटीटी) सेवाओं को राहत के रूप में उन्हें दूरसंचार नियमन से बाहर रखा गया है। यह स्पष्ट किया गया है कि ओटीटी का नियमन इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा किया जाएगा। इससे इस क्षेत्र से जुड़ी अब तक की अस्पष्टता समाप्त हो जाएगी। बहरहाल, यह प्रावधान सरकार के हाथ का खिलौना नहीं बनना चाहिए, जिसमें कहा गया है कि आपात स्थिति में सरकार किसी भी दूरसंचार सेवा या नेटवर्क का अधिग्रहण कर सकेगी। इसका इस्तेमाल मुक्त बाजार का दमन करने या लोकतंत्र के दमन में नहीं होना चाहिए।

# विद्यार्थी अपने आप में अनोखा एवं क्षमतावान होता है - डॉ. अखिलेश कुमार

## जिला स्तरीय विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चें हुए पुरस्कृत एवं सम्मानितकाव्य गोष्ठी में श्रोताओं की कवियों ने तालियां बटोरी

(शिवा शर्मा)

**चुनार।** रामबाग स्थित द ग्लेनहील स्कूल में रविवार को क्रिसमस पर्व के अवसर पर सलाना जल्सा (फेट) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हेड एंड अंडर सेक्रेटरी सेंटर आफ एक्सीलेंस सीबीएसई प्रयागराज,डॉ अखिलेश कुमार स्कूल चेयरमैन आफताब अहमद एवं प्रिंसिपल डॉ डी0के0मिश्रा ने दीप प्रज्जवलन एवं केक काटकर किया।अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने स्कूल में आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि खोज, अनुसंधान, समस्या समाधान में योगदान के लिए जनपदीय प्रतियोगिता में इस संस्था के जो छात्र चयनित हुए हैं उन्हें बधाई ।वह आगामी प्रतियोगिता में प्रदेश एवं देश स्तर पर अपना परचम लहराए इसके लिए मेरी शुभकामना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी अपने आप में अनोखा एवं क्षमतावान है जिसे सवारने का काम विद्यालय करता है। पांच घंटे में रहने के बाद बच्चा अपने परिवार में रहता है इसलिए अभिभावकों की भी जिम्मेदारी है कि वह उसके भविष्य के प्रति सचेत रहे और उसके लक्ष्य प्राप्ति में सहयोग करें। कार्यक्रम के दौरान जिला स्तरीय विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतियोगिता में जनपद में दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा स्कूल की समृद्धि मिश्रा (कक्षा 8),आदर्श कुमार नंदा (कक्षा 7), धवल सिंह (कक्षा 6) एवं श्रेयांस सिंह (कक्षा 10)दितीय स्थान एवं स्नेहा त्रिपाठी (कक्षा 9)को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत एवं सम्मानित किया। स्कूल परिसर में बच्चों द्वारा लगाएं गए खान पान के स्टाल का मुख्य अतिथि ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

स्टाल पर सभी प्रकार के देशी, विदेशी व्यंजन सजे हुए थे जिसका बच्चों एवं अभिभावकों ने जमकर स्वाद लिया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की गई। मंच का संचालन छात्र, छात्रा तनम्य, तस्मिया ने किया।

### खानपान स्टाल से अभिभावकों ने जमकर की खरीददारी

**चुनार।** द ग्लेनहील स्कूल में बच्चों द्वारा लगाएं गए गोलगप्पे, चाट, चाऊमीन, मोमोज, मंचुरीयन, इडली ढोसा, काफी, फल आदि विभिन्न खानपान के स्टालों से कार्यक्रम में आएं बच्चों के अभिभावकों ने बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए जमकर खरीददारी किया। स्कूल में बिल्कुल मेले जैसा माहौल दिखाई दे रहा था।



चुनार के द ग्लेनहील स्कूल में क्रिसमस पर्व पर आयोजित सालाना जलसा (फेट) कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ करते मुख्य अतिथि डॉ अखिलेश कुमार साथ में स्कूल चेयरमैन आफताब अहमद व प्रिंसिपल डॉ डी0के0मिश्रा ।




चुनार के द ग्लेनहील स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थी विज्ञान मंथन जिला स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले पुरस्कृत बच्चों के साथ मुख्य अतिथि डॉ अखिलेश कुमार, स्कूल चेयरमैन आफताब अहमद व प्रिंसिपल डॉ डी0के0मिश्रा।

# जीवन से कीमती आपके लिए कुछ भी नहीं है ?

आपकी सेहत के लिए हवा, पानी, सब्जी, दूध और अनाज की शुद्धता बहुत ही महत्व रखता है। शहर में सुबह की हवा में कुछ आक्सीजन होती है जो शाम तक जहर यानि कार्बन डाइऑक्साइड में बदल जाती है।

मृत पानी आप बोतल बंद या आरओ वाला लेते ही होंगे..

दूध और सब्जी,अनाज भी शुद्ध आर्गेनिक मिलता हैं इसकी कोई गारंटी नही...??

हमने इसका सहज समाधान खोजा अब आपके गाय का दूध,आपके क्यारी की सब्जी और गांव से खेत का अन्न नियमित आपके घर पहुंचेगा..

हम आपके शहर से 40 किमी दूर 120 एकड़ में पवित्र साई नदी के किनारे उत्तर प्रदेश सरकार से प्रमाणित एक अद्भुत वेदरप्रुफ मिट्टी के मकानों वाला गांव बना रहें है।

जिसमें सप्ताह में दो दिन परिवार के साथ 100% कार्बन फ्री क्षेत्र में रह कर, जीवन शक्ति को रिचार्ज कर स्वस्थ लाभ ले सकते हैं। एक बार समय निर्धारित कर अद्भुत गांव के मकान का अनुभव अवश्य लें..

**संपर्क - 9455957999**
**डायरेक्टर - एवोलाइफ स्पेस प्राइवेट लिमिटेड**
**19/29 पार्क रोड हजरतगंज लखनऊ**

# उत्तर भारतीय स्नेह सम्मेलन में मुलुंड में जुटे कांग्रेस नेता

**मुंबई-** महाराष्ट्र कांग्रेस उत्तर भारतीय सेल द्वारा मुलुंड प.पर स्थित मुलुंड हाई स्कूल पर उत्तर भारतीय स्नेह





सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख अतिथी के रूप में प्रो.वर्षा गायकवाड (अध्यक्ष मुंबई कांग्रेस), मो.आरिफ (नसीम) खान (कार्याध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस, पुर्व मंत्री), गणेश कुमार यादव (वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मुंबई कांग्रेस), उपस्थित रहे।

सम्मेलन का संचालन डॉ.बाबुलाल सिंह ने किया। सम्मानित अतिथी के रूप में वरिष्ठ कांग्रेस नेता बी.के.तिवारी, सुरेश कोपरकर, गोविंद सिंह, डॉ. अजंता यादव, प्रद्युम्न यादव, डॉ.आर. आर. सिंह, एस. के. सिंह (कार्याध्यक्ष उ. भा. सेल महाराष्ट्र), भरत सिंह (प्रवक्ता), जयवंत लोखंडे, उत्तम गीते, राजेश इंगले उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मो.आरिफ(नसीम) खान ने मुंबई में बसे उत्तर भारतीयों की समस्याओं महंगाई, बेरोजगारी, उत्तर भारतीय ओ.बी.सी.को आरक्षण, ट्रेनों की कमी, रेल टिकटों की कालाबाजारी, फेरी वालों, आटो रिक्शा, टैक्सी वालों की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुये कहा कि डबल इंजन सरकार पुरी तरह विफल है। इस अवसर पर प्रो.वर्षा गायकवाड ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव उत्तर भारतीयों के साथ थी और सदैव उत्तर भारतीय भी कांग्रेस के साथ रहे। कांग्रेस पार्टी ने सदैव महापौर, मंत्री, विधायक, सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य, नगरसेवक पद एवम पार्टी में महत्वपूर्ण स्थान देकर उत्तर भारतीयों को सम्मान प्रदान किया है। और भविष्य में भी उत्तर भारतीय लोगों को उचित स्थान प्रदान किया जायेगा। अतिथियों का सत्कार सम्मेलन के आयोजक डॉ.सचिन सिंह, दयाशंकर सिंह, राजाराम पाल, ए.एस.अंसारी, डॉ. आर.एम.पाल, अरविंद यादव, शरीफ खान, बबीता गुप्ता, मोहनलाल राज ने गमछा एवम पुष्प गुच्छ प्रदान कर किया।

इस अवसर पर समाजसेवियों एवम वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, महिलाओं का सम्मान प्रो.वर्षा गायकवाड द्वारा गमछा एवम पुष्प गुच्छ प्रदान कर किया गया।


राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
**शंकर शर्मा (शिवा)**
मीडिया प्रभारी, उत्तर प्रदेश।
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
कानूनी सलाहकार
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३





अखिल भारतीय सविता महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार मुख्य सलाहकार हिंदी साप्ताहिक कदम कदम के आदरणीय श्री जेपी शर्मा जी के परम पूज्य स्वर्गीय पिताजी श्री रामनाथ शर्मा जी की पुण्यतिथि के अवसर पर, हिंदी साप्ताहिक कदम कदम अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करता है। उनकी यादें आज भी उन लोगों के दिलों में जीवित हैं जो उन्हें जानते थे, सम्मानित जेपी शर्मा जी हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर और उसकी पूरी टीम उनकी विरासत का सम्मान करने में आपके साथ हैं। आदरणीय रामनाथ जी हमारी प्रार्थना से आपकी आत्मा को विशाल अज्ञात में शांति मिले! विनम्र श्रद्धांजलि!

सादर- छोटे लाल शर्मा; प्रधान संपादक (हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर)

# जनभाषा द्वारा पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह संपन्न

**ठाणे,** साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था भारतीय जनभाषा प्रचार समिति के तत्वाधान में शनिवार दिनांक 23 दिसंबर 2023 को संगीत साहित्य मंच के संस्थापक अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार रामजीत गुप्ता की अध्यक्षता में मासिक काव्य गोष्ठी के साथ-साथ पुस्तक विमोचन एवं अतिथि सम्मान समारोह संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम मुन्ना विष्ट कार्यालय सिडको ठाणे में विशिष्ट अतिथि डॉक्टर प्रमोद वाचस्पति(संपादक -आइडियल इंडिया न्यूज व राष्ट्रीय अध्यक्ष-आइडियल इंडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन), कवि संजय कुमार पाण्डेय( पत्रकार आइडियल इंडिया न्यूज ) एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ आर पी विश्वकर्मा ( राष्ट्रीय महासचिव आइडियल इंडिया न्यूज) की उपस्थिति में यादगार कविगोष्ठी संपन्न हुई।ठाणे जिला के रहिवासी और जौनपुर उत्तर प्रदेश की मिट्टी के लाल वरिष्ठ साहित्यकार डॉ शारदा प्रसाद दुबे द्वारा लिखित पुस्तक "कंचन कलश" का विमोचन उपस्थित अतिथी साहित्यकारों द्वारा किया गया। भारतीय जनभाषा प्रचार समिति के पदाधिकारियों ने उपस्थित अतिथियों का सम्मान अंग वस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं सम्मान



पत्र देकर किया।उपस्थित विशिष्ट अतिथि डॉक्टर प्रमोद वाचस्पति ने आइडियल इंडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन की तरफ से संस्था अध्यक्ष नंदलाल क्षितिज एवं मीडिया सचिव विनय शर्मा दीप को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।मंच का सुंदर संचालन करते हुए युवा कवि एवं पत्रकार विनय सिंह विनम्र ने सरस्वती वंदना विनय शर्मा दीप द्वारा कराते हुए काव्य गोष्ठी का शुभारंभ अश्विनी कुमार यादव से किया।उपस्थित साहित्यकारों में वरिष्ठ साहित्यकार टी आर खुराना, राजेश अल्हड़ असरदार, उमेश मिश्र प्रभाकर, ओमप्रकाश सिंह, श्रीमती आभा दवे, मदन गोपाल गुप्ता, सुभाष चतुर्वेदी, ओम प्रकाश पांडे, शिल्पा सोनटक्के, श्रीमती प्रभा सागर, कवियत्री अनीता रवि, वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद दुबे, रमाशंकर यदुवंशी, नरसिंह हैरान जौनपुरी, डॉक्टर वफा सुल्तानपुरी, त्रिलोचन सिंह अरोरा, एडवोकेट अनिल शर्मा सहित अतिथियों ने सुंदर काव्य पाठ से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।अंत में संस्था अध्यक्ष नंदलाल क्षितिज ने उपस्थित सभी साहित्यकारों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद व्यापित किया तथा राष्ट्रगान के साथ गोष्ठी का समापन किया।

# चुनार में उग्र की जयंती, मास्टर चुनारी लाल की पुण्यतिथि मनायी गई

## गंगाघाट स्थित उग्र पुस्तकालय में साहित्य परिषद के तत्वावधान में आयोजित हुई काव्य गोष्ठी

**(शिवा शर्मा)**

**चुनार।** बालूघाट स्थित पांडेय बेचन शर्मा "उग्र" पुस्तकालय में रविवार को चुनार साहित्य परिषद के तत्वावधान में पांडेय बेचन शर्मा "उग्र" की जयंती व मास्टर चुनारी लाल की पुण्यतिथि मनायी गयी।रात्रि में आयोजित काव्य गोष्ठी में कवियों ने अपनी रचनाओं को सुनाकर श्रोताओं की तालियां बटोरी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेजर कृपा शंकर सिंह व विशिष्ट अतिथि गणेश पांडेय ने मां सरस्वती, पांडेय बेचन शर्मा उग्र व मास्टर चुनारी लाल के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।तत्पश्चात काव्य गोष्ठी की शुरूआत आदित्य कुमार पदयात्री ने वाणी वंदना से हुई। युवा कवि अफसर अली ने "चल गया एक मुसाफिर शहर छोड़कर, सबके दिलों में अपना असर छोड़कर"। शीतला प्रसाद गौरव ने "उडते रहे जहा पक्षी उस आसमां की हसरत हैं, कदमों से कदम मिलते रहे ऐसे जहां की हसरत है"। बी0 प्रसाद ने "एक से बढ़कर एक सताएं हुए हैं, गम तो लाखों है पर छुपाएं हुए हैं"।अनवर अली अनवर नेह जीवन को नमन उस काल को नमन, जिस पर फूले वो फूल उस डाल को नमन"। उपरोक्त के अलावा नयन कुमार वर्मा, राजकुमार राजन, दिवाकर लाल आदि कवियों ने भी अपनी रचनाओं को सुनाकर श्रोताओं की वाहवाही लूटी।कार्यक्रम के दौरान नगर के तमाम सम्मानित लोग मौजूद रहे संचालन राजेश मिश्र ज्योति ने किया।

# छात्र छात्राओं में वितरित हुआ 300 स्मार्टफोन

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय महाविद्यालय में वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के वितरित किया स्मार्टफोन

**(शिवा शर्मा)**

**चुनार।** राजकीय महाविद्यालय चुनार में सोमवार को वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन का वितरण किया। सरकार द्वारा प्राप्त स्मार्टफोन का उपयोग अपने शैक्षणिक विकास के लिए करके उसका सदुपयोग करें।किसी भी क्षेत्र में जाने के लिए डिजिटली होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यमों से की शुरूआत की है आनलाइन संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर इसका लाभ लेना चाहिए।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ पी. एन. डोगरें ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर छात्र छात्राओं माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ माधवी शुक्ला ने राज्य मंत्री को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी डॉ सूबेदार यादव, डॉ अशर्फी लाल,



चुनार राजकीय महाविद्यालय में स्मार्टफोन का वितरण करती वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल।



चुनार राजकीय महाविद्यालय में स्मार्टफोन वितरण के दौरान मुख्य अतिथि वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री को प्रशस्ति पत्र प्रदान करती डॉ माधवी शुक्ला।

महाविद्यालय के कुल 300 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन दिया गया। अपने संबोधन में वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री ने कहा कि छात्र छात्राओं को डिजिटल शिक्षा प्राप्त करने में कोई असुविधा न हो इस उद्देश्य से स्मार्टफोन का वितरण किया जा रहा है। छात्र छात्राएं आज हम सब पूरी दुनिया में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार छात्र छात्राओं एवं युवाओं के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अभ्युदय कोचिंग योजना व सरकारी, अर्द्ध सरकारी सेवाओं से जुडने के लिए नेशनल कैरियर सर्विस पोर्टल के लिए स्मार्टफोन शिक्षा के क्षेत्र में उन्हें मजबूती प्रदान करेगा शैक्षणिक गतिविधियों की समय समय पर उन्हें जानकारी होती रहेगी। वितरण से पूर्व मुख्य अतिथि वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री ने मां सरस्वती के चित्र पर डॉ कुसुमलता, डॉ नलिनी, डॉ शिखा तिवारी, डॉ, राजेश कुमार दूबे, डॉ शिवकुमार सहित महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर रामनिहोर व संचालन डॉ शेफालिका राय ने किया।

# समाज सेवा ही सर्वो परी सेवा है जिसमे संतोष शर्मा का समाज को निरंतर सहयोग मिलता है

**मुंबई,** निःस्वार्थ सहयोग करने वाले परम पूज्य आदरणीय श्रीमान डाक्टर संतोष कुमार शर्मा समादगंज कुर्नी मछलीशहर जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुंबई आगमन पर नई उम्मीद फाउंडेशन के अध्यक्ष / संस्थापक चंद्र भूषण शर्मा जी के द्वारा सम्मान पत्र, अंग वस्त्र, पेन व माल्यार्पण करके जोरदार स्वागत वंदन अभिनंदन किया गया।



ईश्वर डॉक्टर साहब जी को हमेशा स्वस्थ और निरोग रखें। धन्यवाद।




# नाई समाज ने आयोजित किया रक्तदान शिविर, 27 लोग रक्तदान कर बने महादानी

**भदोही :** स्वयंसेवी संस्था भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के जिलाध्यक्ष कैलाश नाथ शर्मा एवं जिला संगठन मंत्री राजेश शर्मा के नेतृत्व में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन जनपद के स्वामी विवेकानंद चैरिटेबल ब्लड सेंटर में किया गया। संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा ने रिबन काटकर शिविर का उद्घाटन करते हुए कहा कि एम डब्ल्यू ओ द्वारा संचालित रक्तदान मिशन एक महान व पुनीत कार्य है इसलिए इस मिशन को हमेशा आगे बढ़ाने के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य करता रहूंगा। इस विशेष मौके पर रक्तदान मिशन के प्रेरक योद्धा व महापद्मनंद वेलफेयर ऑर्गेनाईजेशन (एम डब्ल्यू ओ) के प्रान्तीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने कहा कि,"मनुष्य प्रकृति की सर्वश्रेष्ठ रचना हैं लेकिन मनुष्य होने की सार्थकता तो तभी है जब हम इस तन में प्रवाहित होने वाले रक्त से दूसरों का जीवन बचाएं।



रक्तदान जीवन का सर्वश्रेष्ठ कर्म है, वास्तव में रक्तदान हमें मनुष्यता की श्रेष्ठ श्रेणी में लाकर खड़ा करता है। रक्त कृत्रिम नहीं बनाया जा सकता, यह मानव तन में ही निर्मित होता है इसलिए हमारे रक्तदान का विशेष महत्व है" कुल 27 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। रक्तदान करने वालों में शैलेंद्र शर्मा, सुरेश कुमार शर्मा, दिनेश शर्मा, मोहित लाल शर्मा, राहुल शर्मा, रोहित शर्मा, शनी शर्मा, प्रशांत शर्मा, कैलाश शर्मा, अवधेश शर्मा, छविनाथ शर्मा, संतोष शर्मा, मुकेश कुमार शर्मा, प्रभा शंकर शर्मा, राहुल शर्मा, मुकेश जायसवाल, अनिल यादव, उषा देवी मौर्य, प्रदीप मौर्य, चंदन शर्मा, विशाल शर्मा, धीरज शर्मा, दीपक शर्मा, राम नरायण शर्मा, रवीन्द्र शर्मा, राजेश शर्मा इत्यादि लोग शामिल रहे। इस अवसर पर एम डब्ल्यू ओ के। प्रांतीय सचिव उदयराज शर्मा,संस्था संरक्षक बच्चन शर्मा, पत्रकार प्रकाश शर्मा, प्रेम शंकर शर्मा, पंचम राम शर्मा, वाराणसी मण्डल अध्यक्ष अवधेश शर्मा, मनोज कुमार शर्मा,अशोक कुमार शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, डॉक्टर कलंदर शर्मा, विनोद शर्मा संदीप शर्मा आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# माँ शीतला रानी जी की आशीर्वाद से मुझे मुकाम मिला - अलका झा



रविवार को पॉलिटेक्निक चौराहा स्थित किशन कन्हैया होटल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए जौनपुर की बहु सिंगर एक्टर जितेन्द्र झा की धर्म पत्नी प्ले बैक सिंगर अलका झा ने बताया कि मैं किसी पहचान की मोहताज नहीं हूं ।आज के तारीख में अलका झा ने फिल्मों के लिए लगभग 400 गाने गा चुकी हैं। कुछ फिल्में खास रही हैं। जैसे चैलेंज, मंडप ,बाप जी, रेस,पवन पुत्र, इक्काधारी, इत्यादि, उतना ही नही 500 गाने अलबम के लिए गया।

अलका झा लगभग 7 भसाओ में गाती हैं फिल्म अलबम के साथ साथ भोजपुरी के सभी कलाकारों पवन सिंह दिनेश लाल यादव निरहुआ खेसारी मनोज तिवारी के साथ हजारों मंच साझा किया है। अलका झा को बेस्ट प्ले बैक सिंगर सरस सलिल अवार्ड ,बेस्ट आइकॉन अवार्ड बेस्ट भोजपुरी फिल्म अवॉर्ड और बहुत से अवॉर्ड से नवाजा गया है।

मीडिया से बात चीत के दौरान पता चला अलका झा मिजार्पुर की निवासी है ।जौनपुर में शादी के बाद मां शीतला का आशीर्वाद इस तरह मिला की बता नही सकती

वानर सेना द्वारा आयोजित महासम्मेलन में मुंबई से बुलवाने के लिए अजीत सिंह गौरव सिंह व पूरी वानर सेना को धन्यवाद दिया साथ समस्त जौनपुर को दिल से शुक्रिया किया। इस मौके पर एक्टर जितेंद्र झा डायरेक्टर रजनीश चौधरी व सिकंदर उपस्थित रहे।

# श्रीमद् भागवत का भव्य आयोजन

**कल्याण.** विट्ठलवाड़ी में पिछले कई वर्षों की तरह इस वर्ष में



भी श्री साई जनकल्याण सामाजिक संस्था ने श्रीमद् भागवत का भव्य आयोजन किया है आज भव्य शोभा कलश यात्रा में महिला और पुरुष ने अपने भगवान के प्रति आस्था का एक अनोखा प्रेम दिखाते हुए हजारो की संख्या में इस अनोखी और भव्य कलश यात्रा में भाग लिया और आज के दिन से ही 24.12.2023 दिन रविवार से कथा का आरम्भ हुआ है कथा वाचक श्री मोहित शरण महाराज श्री धाम अयोध्या से पधारकर अपनी अमृतवाड़ी से श्रोतागण को भगवान श्री कृष्णा जी की लीला का ज्ञान दे रहे है.

इस कथा का आयोजन श्री साई जनकल्याण सामाजिक संस्था के प्रतिनिधित्व में हो रहा है जिसमे भारी संख्या में कार्यकर्ता लोग पूरी निष्ठा से तन मन धन से कार्यरत है भक्तो की सेवा कर के बिलकुल भगवान के सेवा जैसे अनुभूति हो रही है इस संस्था के द्वारा कथा समाप्ति के दिन भव्य और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता कथा आरम्भ 24.12.2023 से लेकर 31.12.2023 दिन रविवार तक चलेगा और सभी भक्तगण भरी से भरी संख्या में पहुचकर कथा और महाप्रसादी का लाभ उठाएं.








# न भोज न तर्पण न दान दिया धन

## मां की पुण्यतिथि पर रक्तदान का आयोजन

## 21 लोगों ने रक्तदान कर महापुण्य अर्जित किया

**निज संवाददाता,**

**अमेठी :** स्वयंसेवी संगठन महापद्मनंद वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन (एम डब्ल्यू ओ) के प्रान्तीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने अपनी मां की दूसरी पुण्यतिथि पर किसी भी तरह के



कर्मकाण्ड व भोज की अपेक्षा दूसरों का जीवन बचाने के लिए रक्तदान हेतु शिविर का आयोजन करना श्रेयस्कर समझा। जनपद के संग्रामपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत करनाईपुर के रानीपुर गांव में आयोजित शिविर में चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि, ह्लमेरी मां ने जीवन भर अपने जीवनदायिनी स्पर्श (मालिश) से हजारों नवजात शिशुओं को हृष्ट-पुष्ट व मजबूत बनाया, वही बच्चे आज बड़े होकर अपनी धाय मां की स्मृति में रक्तदान कर रहे हैं। यह मेरे लिए बड़े गर्व की बात है। मां की सेवा भावना ने ही हमें भी सेवा करने के लिए प्रेरित किया। हम रक्तदान की इस मुहिम को प्रदेश के हर जनपद तक ले जाना चाहते हैं ह्व राजकीय लाल बहादुर शास्त्री होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज के प्रोफेसर डॉक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव ने रिबन काटकर व श्री राम लखन शर्मा ने स्व सोना देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर शिविर का उद्घाटन किया।

प्रतापगढ़ के एस जी एस ब्लड बैंक द्वारा कुल 21 यूनिट ब्लड संग्रह किया गया। रक्तदान करने वालों में उजियार सिंह, शिवम शर्मा, सत्यम शर्मा, त्रिवेणी शर्मा, मोहम्मद फैसल, शुभम यादव, भोलानाथ शर्मा, शिवकुमार शर्मा, अर्जुन प्रसाद, अनिल शर्मा, शुभम, राजेंद्र कुमार, सचिन शर्मा, डॉ राम अवध विश्वकर्मा, कृष्ण कुमार, धीरेंद्र कुमार, संदीप कुमार कोरी, मुकेश शर्मा, संदीप कुमार शर्मा, विनोद कुमार शर्मा,सत्यम शर्मा, दया शंकर शर्मा शामिल रहे। संगठन के जिला सचिव शिवकुमार शर्मा ने सभी रक्तदानियों को उपहार स्वरूप एक एक शर्ट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संगठन के पूर्व अध्यक्ष राजमणि शर्मा, महासचिव शिव दयाल शर्मा, उपाध्यक्ष रंजीत शर्मा, सचिव उदय राज शर्मा, संजीव शर्मा, राम लगन शर्मा, संगठन के जिला अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा, मुसाफिरखाना सचिव अरविंद शर्मा, दूधनाथ शर्मा, रामचंदर शर्मा, उमाशंकर शर्मा, तनुज शर्मा, राम राज सिंह, डाक्टर अमित यादव इत्यादि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। रक्त संग्रह के तकनीकी सहयोगी डाक्टर सर्वेश मिश्रा जी, दिनेश कुमार वर्मा, आदर्श सरोज, राजा राम रहे।

# कृपा शंकर शर्मा कटवार को पिछला प्रकोष्ठ समाजवादी पार्टी मछली शहर विधान सभा अध्यक्ष नियुक्त हुए

**जौनपुर,** श्याम नारायण बिंद जिला अध्यक्ष पिछड़ा प्रकोष्ठ सामाजवादी पार्टी जौनपुर ने कृपा शंकर शर्मा कटवार को मछली शहर विधान सभा अध्यक्ष पिछड़ा प्रकोष्ठ सामाजवादी पार्टी का नियुक्त किए कृपा शंकर शर्मा के नियुक्ति से सामाजवादी पार्टी सहित पूरे नाई समाज में खुशी की लहर छा गई नियुक्ति कार्यक्रम में उपस्थित श्री रामचन्द्र यादव प्रधानाचार्य, सूबेदार यादव अध्यापक राजकुमार पाल अध्यापक यादव डॉक्टर ध्रुव शर्मा उमेश चंद यादव अध्यापक महेश कुमार प्रजापति गिरजा शंकर यादव पूर्व प्रधान योगेश यादव अध्यापक राजेंद्र यादव पूर्व प्रधान संजय कुमार बिंद प्रधान लाल यादव नेता सूर्यमणि



यादव एडवोकेट लालमणि यादव सुभाष चंद्र शर्मा ओम प्रकाश यादव शिव प्रसाद यादव ,अजीत यादव व आदि सामाजवादी लोग उपस्थित थे ।कृपा शंकर को नई जिम्मेदारी मिलने पर अनिल शर्मा राष्ट्रीय नेता नाई समाज ने भी दी शुभकामनाएं।

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com